# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**सोमवार, दिनांक 26 नवम्बर, 2007 (अग्रहायण 5, 1929)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" के गायन से प्रारम्भ हुई।

### 2. शपथ

निर्वाचन क्षेत्र क्र. 88 लांजी से उप चुनाव में निर्वाचित सदस्य, श्री किशोर समरीते ने शपथ ग्रहण की, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर किये और सभा में अपना स्थान ग्रहण किया।

### 3. निधन उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा मध्यप्रदेश के संसद सदस्य श्री विजय खण्डेलवाल, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री के.जना कृष्णमूर्ति, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री एस.आर. बोम्मई, भूतपूर्व संसद सदस्य श्री शंकरलाल खटीक, मध्यप्रदेश विधानसभा के भूतपूर्व सदस्यगण सर्वश्री बेल सिंह, नाथूराम अहिरवार, महेश बघेल, अशोक राव, शिवकुमार श्रीवास्तव, कमजी गमीरा, रमेशचन्द्र मण्डलोई, वासुदेव चन्द्राकर, हाजी गुलाम सिप्तैन तथा कुंजीलाल चौधरी के निधन पर शोकोद्‍गार व्यक्त किये गये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, सदस्यगण डॉ. सुनीलम्, श्री मनमोहन शाह"बट्‍टी", श्रीमती सरोज बच्चन नायक, सर्वश्री हमीद काजी, हरिवल्लभ शुक्ला, रामलखन शर्मा तथा लाखनसिंह बघेल ने भी शोकोद्‍गार व्यक्त किये।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शोक संतप्तजन के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में 10.57 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 27 नवम्बर, 2007 (अग्रहायण 6, 1929) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**